सार-समाचार

श्री धन्वंतरि भगवान की पूजा अर्चना कर आमजन के स्वास्थ्य की कामना

भरतपुर (निस)। राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में श्री धन्वंतरी पूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और जिला चिकित्सालय के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना एवं आरती कर आमजन के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर समारोह में शामिल आयुर्वेद चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का तिलक लगाकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम समन्वयक उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने अपने उद्बोधन में भगवान धन्वंतरि के अवतरण पर प्रकाश डालते हुए चिकित्सालय में संचालित सेवा प्रकल्प पंचकर्म, शल्य चिकित्सा स्त्री और प्रसूति चिकित्सा काय चिकित्सा शालाक्य चिकित्सा एवं औषधीय लेपों से उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने चिकित्सालय में संचालित नशा मुक्त परिवार जनजागरण अभियान, फेट्टी लिवर मुक्त भरतपुर अभियान, बच्चों के स्वर्णप्राशन ड्राप्स इम्यूनाइजेशन अभियान, मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं संरक्षण हेतु संचालित सेवा प्रकल्पों की प्रगति के बारे में जानकारी दी एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं कार्यशालाओं की वार्षिक उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से अधिक से अधिक आमजन को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के बेहतर प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत उद्बोधन दिया गया। श्री धन्वंतरी पूजन समारोह में उपनिदेशक डॉ साधुराम शर्मा सहायक निदेशक डॉ प्रेमसिंह पूर्व उपनिदेशक एवं अतिरिक्त निदेशक डॉ सुशील पाराशर डॉ मुकुट लाल शर्मा, डॉ ताराचंद शर्मा उपनिदेशक डॉ सतीश पाराशर डॉ नरेश तिवारी डॉ सुरेश चतुर्वेदी पूर्व रसायन शाला प्रभारी डॉ गिरीश शर्मा डॉ प्रभू दयाल शर्मा डॉ भगवान सिंह सोगरवाल डॉ सुरेश शर्मा समाज सेवी रामसिंह वर्मा डॉ कुलदीप शर्मा डॉ पिंकी चौहान डॉ शैलेश शर्मा डॉ राजकुमार झा डॉ प्रियंक शर्मा डॉ रेनू वर्मा डॉ मनीषा गुर्जर डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ ललिता मीना नर्सिंग अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह छेदा लाल शर्मा फिमेल नर्स पुष्पा शर्मा रजनेशलता सहित आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी का आभार व्यक्त प्रधान चिकित्सक डॉ रीना खंडेलवाल एवं संचालन डॉ कुलदीप शर्मा एवं डॉ सुशील पाराशर द्वारा किया गया। समारोह में श्री धन्वंतरि जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क पंचकर्म एवं शल्य चिकित्सक का समापन कर सेवा प्रदान करने वालों को सम्मानित किया गया। धन्वंतरि पूजन डॉ गिरीश शर्मा द्वारा करवाया गया।

ग्रामीण सेवा शिविर

हिण्डौन(निंसं.) अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि ठामीण सेवा शिविर का आयोजन प्रत्येक सप्ताह के गुरूवार, शुक्रवार व शनिवार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके तहत शनिवार को करौली की ग्राम पंचायत बरखेडा व ससेडी, हिण्डौन की ठाम पंचायत लहचोडा व हुकमी खेडा, सपोटरा की ठाम पंचायत हरिया का मंदिर व इनायती, नादौती की ग्राम पंचायत ढहरिया व सलावद व टोडाभीम की ठाम पंचायत शहराकर व खोहरा में शिविर लगाये गये। शिविरों में बड़ी संख्या में राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाओं से पात्र जनों को लाभान्वित किया गया।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में भी रहा सराहनीय प्रदर्शन

भरतपुर (निस)। राजस्थान ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल ने बताया की बैंक द्वारा ग्राहकों के हित में निरंतर रूप से विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें रि केवाईसी सीकेवाईसी सोशल सिक्योरिटी स्कीम एवं जनरल सोशल सिक्योरिटी प्रमुख हैं। मुख्य प्रबंधक सिद्धांत मिश्रा ने बताया कि बैंक ने रि केवाइसी के 69000 खाते सफलतापूर्वक अद्यतन किए हैं। इससे खातों की जानकारी अद्यतन होकर बैंकिंग सेवाएं और भी पारदर्शी एवं सुरक्षित बनी हैं।साथ ही सी केवाईसी के माध्यम से ग्राहकों के विवरण को केंद्रीकृत प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे भविष्य में किसी भी बैंकिंग संस्था में ग्राहक की पहचान सरलता से हो सकेगी। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्षेत्र में भी बैंक का प्रदर्शन सराहनीय रहा है -प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 21,000 नए खाताधारकों को जोड़ा गया,प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 7500 ग्राहकों ने जीवन बीमा का लाभ लिया,तथा अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 2,100 नए सदस्यों ने पंजीकरण कराया।साथ ही पी एम एस बी वाई बीमा अंतर्गत गत वर्ष 49 खातो में राशि 95.00 लाख तथा पीएम जी वाई में 188 खातो में रु. 03.76 करोड़ का क्लेम भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त बैंक ने जनरल सोशल सिक्योरिटी स्कीम के अंतर्गत डीबीटी, पेंशन, पीएम किसान एवं महिला स्वयं सहायता समूहों से संबंधित कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। उन्होंने राजस्थान ग्रामीण बैंक के अपने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने खाते का रि केवाईसी सी केवाईसी शीघ्र पूर्ण करवाएं एवं सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें।

250 प्रभुजनों की श्रृंगार सेवा की

भरतपुर (निस)। भरतपुर स्थित अपनाघर महिला कौशल प्रशिक्षण केन्द्र अपनाघर हैल्पलाइन में ब्राइडल मेकअप एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 30 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अपनाघर आश्रम में जाकर वहाँ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा 100 से अधिक महिला प्रभुजी की हेयर कटिंग, 150 से अधिक प्रभुजी की मेंहदी लगाकर तथा 25 प्रभुजी की थ्रेडिंग कर आवासी प्रभुजनों की श्रृंगार सेवा की गई । अपनाघर हैल्पलाइन के सचिव विनोद खण्डेलवाल ने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थी बालिकायें अपना घर की सेवा व्यवस्थाओं से जुडकर अति उत्साहित एवं खुशी से गद्गद् नजर आ रही थीं। प्रभुजन भी अनुशासित ढंग से अपनी रूचि अनुसार ही कटिंग, मेंहदी आदि लगवाकर प्रसन्न हो रहे थे ।

विरोध स्वरूप मनाएंगे काली दीवाली

भरतपुर (निस)। राजमेस जयपुर द्वारा संचालित मेडिकल कालेजों में पिछले 8 वर्षों से कार्यरत यूटीबी कार्मिकों की लम्बे समय से की जारी मांगों को पूरा नहीं करने के कारण राज्य के समस्त यूटीबी कार्मिक विरोध स्वरूप काली दीवाली मनायेंगे। भरतपुर जिला कलक्टर के मार्फत राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं प्रधानाचार्य मेडीकल कालेज के मार्फत निदेशक राजमेस जयपुर को पत्र भेजा गया है जिसमें राज्य सरकार के वित्त विभाग के 3.7.23 के आदेशानुसार यूटीबी कार्मिकों को सातवें वेतन आयोग के पे मैट्रिक्स लेवल प्रथम अनुसार वेतन भुगतान के आदेश जारी करने हेतु, पिछले 8 वर्षों से नियमित पदों के विरूद्ध लगातार कार्यरत इन यूटीबी कार्मिकों को आज दिनांक तक कोई वेतनवृद्धि के लाभ नहीं दिये जाने व बोनस का लाभ नहीं दिये जाने तथा सीएसआर रूल्स के तहत की गई भर्ती में कई कार्मिक आयु अधिक होने के कारण आवेदन नहीं कर सके इसके लिए आयु में छूट देने की मांग की गई है। लम्बे अर्से से मांगों को पूरा नहीं होने के कारण इस वर्ष काली दीवाली मनाने का निर्णय लिया गया है।

विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

डीग भरतपुर (निस)। खेल अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का प्रतीक हैं, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं राज्य सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इन प्रतिभाओं को खोजकर, तराशकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए एक सुदृढ़ मंच प्रदान करे, ताकि वे अपने गांव, प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। यह बात डीग जिले के गांव धमारी और घाटा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिताओ के समापन समारोह में मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कही। गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक मजबूती के लिए भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आमजन को विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के युवाओं को खेल से जुड़ी हरसंभव सुविधा और प्रोत्साहन मुहैया कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय फलक पर चमक सकें। समारोह के दौरान, गृह राज्य मंत्री बेढम ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने दोनों फाइनलिस्ट टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खिलाड़ियों के आग्रह पर मंत्री बेढम ने स्वयं बल्ला थामकर और शानदार शॉट लगाकर सभी का दिल जीत लिया । गृह राज्य मंत्री बेढम ने प्रतियोगिता की विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व आयोजन समिति और ग्रामीणों द्वारा गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम का साफा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्म जोशी से स्वागत किया गया।

करौली की ग्राम पंचायत गोरडा में रात्रि चौपाल में समस्याएं उठाई

- जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था को सुचारू करने सहित विभिन्न विभागों के कुल 20 प्रकरण प्राप्त हुए

करौली (निंसं.) आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत गोरडा में रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने परिवादियों की समस्याएं संवेदनशीलता सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत पेयजल व्यवस्था को सुचारू करने, एनएफएसए में नाम जुडवाने, पेंशन दिलवाने, विद्युत के ढीले तारों को टाइट करवाने, रास्ता खुलवाने, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न विभागों के कुल 20 प्रकरण प्राप्त हुए। जिन पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने रात्रि चौपाल एवं सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। रात्रि चौपाल में पेयजल से संबन्धित आमजन की परिवेदनाओं के प्राप्त होने पर गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश पीएचईडी के अधिकारियों को दिये जिससे आमजन को पेयजल के संबंध में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडें। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने ठामीणों एवं आमजन से अपील की कि राज्य सरकार के द्वारा संचालित ठामीण सेवा शिविरों में जागरूक रहकर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का पात्रता के अनुसार अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्क रहकर कार्य करने, दवाईयो की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी पूजा मीना, विकास अधिकारी सहीराम मीना सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

कार्यालय में मनाई धन्वंतरि जयंती

करौली । करौली के गुलाब बाग स्थित आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक कार्यालय में शनिवार को भगवान धन्वंतरि जयंती श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूजा-अर्चना और माल्यार्पण किया गया, जिसमें कार्यालय स्टाफ और आमंत्रित अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व उपनिदेशक डॉ. कालूराम मीना ने किया। सहायक प्रशासनिक अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा और गायत्री शर्मा, कर्मचारी वकार अहमद के साथ-साथ गणमान्य नागरिक श्रीकिशन शर्मा, मायाराम गुर्जर और नरेंद्र बैंसला भी मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से भगवान धन्वंतरि के चित्र पर फूल चढ़ाकर प्रसाद का भोग लगाया। धन्वंतरि जयंती के अवसर पर डॉ. मीना ने स्वस्थ जीवन की कामना की।

ईदगाह गेट पर कांग्रेस पर्यवेक्षक नदीम जावेद का गर्मजोशी से स्वागत

- संगठन सृजन अभियान के तहत करौली जिला कांठोस में होगी रायशुमारी - नदीम जावेद

हिंडौन। अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत करौली जिले के पर्यवेक्षक नदीम जावेद का शनिवार को हिंडौन शहर स्थित ईदगाह गेट पर कांठोस जनों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व उपसभापति नफीस अहमद ने किया। पूर्व पार्षद अमर सिंह जाटव ने बताया कि शनिवार दोपहर 12 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने माला एवं साफा पहनाकर पर्यवेक्षक नदीम जावेद का अभिनंदन किया। सभा को संबोधित करते हुए नदीम जावेद ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस जिलाध्यक्ष का चयन रायशुमारी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पूरे जिले में कांठोस कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर सुझाव लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 36 क़ौमों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, जबकि कुछ सांप्रदायिक ताकतें सत्ता का दुरुपयोग कर देश में नफ़रत का माहौल बनाने की कोशिश कर रही हैं। इसे समाप्त करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हर गांव, ढाणी और शहर में मोहब्बत का संदेश फैलाना होगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक अजीत सिंह यादव, साजिद खान, जिला कांठोस अध्यक्ष शिवराज मीणा, प्रदेश कांठोस कमेटी के इम्तियाज खान, अल्पसंख्यक विभाग के पर्यवेक्षक मुकीम खान तथा करौली नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान का भी माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों ने नफीस अहमद को कांठोस का जिला अध्यक्ष बनाए जाने की सिफारिश की । इसी दौरान मिस्टर राजस्थान का खिताब जीतने वाले अरशद कुरैशी और प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले तालिब कुरैशी का भी नदीम जावेद ने माला पहनाकर सम्मान किया।

पीएम श्री केन्द्रीय स्कूल में विद्यार्थियों का किया सम्मान

- वार्षिक पर्यवेक्षण के लिए आई टीम ने आगामी सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए किया प्रेरित

गंगापुर सिटी । पीएम श्री केंद्रीय स्कूल गंगापुर सिटी में क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर के सहायक आयुक्त डॉ. दर्शन लाल मीणा के निर्देशन में वार्षिक पर्यवेक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान स्कूल की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया गया। पर्यवेक्षक दल में सहायक आयुक्त डॉ. दर्शन लाल मीणा के साथ केंद्रीय स्कूल क्रमांक 7 जयपुर के प्रिंसिपल राजकुमार कटारिया, केंद्रीय स्कूल धौलपुर के प्राचार्य मन्मथ कुमार शर्मा, केंद्रीय स्कूल भरतपुर के उप प्राचार्य योगेश मीना और केंद्रीय स्कूल देवली के मुख्य शिक्षक धर्मराज मीणा शामिल थे। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि शुक्रवार को पर्यवेक्षक दल के स्कूल पहुंचने पर उनका तिलक, साफा और साफी पहनाकर स्वागत किया गया। दल ने सर्वप्रथम कब व बुलबुल की गतिविधियों का अवलोकन किया। इसके बाद सहायक आयुक्त द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रातः कालीन सभा की शुरुआत हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। डॉ. दर्शन लाल मीणा ने विशिष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने छात्रों को आगामी शैक्षणिक सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी किया। सहायक आयुक्त और पर्यवेक्षण दल ने स्कूल के इको क्लब, साइंस क्लब, रीडिंग क्लब, हेल्थ क्लब, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान प्रयोगशालाओं, अटल टिकटिंग लैब और वोकेशनल लैब का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, आर्ट रूम, सीएमपी रूम, पुस्तकालय, लैंग्वेज लैब, संगीत कक्ष और कार्यालय का भी अवलोकन किया गया। दल ने बारी-बारी से प्रत्येक शिक्षक की कक्षा में जाकर उनके शिक्षण विधियों और विद्यार्थियों की प्रगति का अवलोकन किया। जहां सुधार की आवश्यकता थी, वहां मार्गदर्शन प्रदान किया गया और अच्छे कार्यों की सराहना की गई।

रैली व विरोध प्रदर्शन

भरतपुर (निस)। स्वदेशी जागरण मंच भरतपुर द्वारा भरतपुर शहर के विभिन्न चौराहों और मुख्य बाजार मे स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का आग्रह व विदेशी वस्तुओं तथा ऑनलाइन कंपनियों का बहिष्कार की रैली व विरोध प्रदर्शन किया गया सभी दुकानों व बाजार मे खरीद करने वालों को स्वदेशी संकल्प पत्र वितरित किये. व्यापारियों व आम जन ने मंच का स्वागत किया जिला प्रचार प्रमुख शुभनेस पाराशर एडवोकेट ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच के इस प्रयास की व्यापारी बंधु व आमजन ने सराहनीय प्रयास बताया तथा प्रदर्शन व रैली मे सतीश दीक्षित विभाग संयोजक, शिवकुमार शर्मा विभाग सह संयोजक, बलराम सिंह बघेल जिला संयोजक, योगेश दीक्षित जिला सह संयोजक, नरेन्द्र सिंह बघेल नगर संयोजक, विष्णु शर्मा जिला संघर्ष वाहिनी प्रमुख, सचिन मित्तल जिला युवा कार्य प्रमुख आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सर्व समाज महासभा की धनतेरस सेवा पहल

भरतपुर (निस)। धनतेरस के पावन अवसर पर सर्व समाज महासभा द्वारा मानव सेवा और सामाजिक समर्पण का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया गया। संस्था के सभी सदस्यों ने जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल एवं महिला शहर अध्यक्ष चीनू कौर की अध्यक्षता में गाड़िया लोहार समाज के लगभग 100 परिवारों को राशन सामग्री, मिठाई एवं आतिशबाजी वितरित की। सामग्री में तेल, नमकीन, बिस्किट, दीपक-बत्ती, चिप्स, कुरकुरे सहित,मिठाई अनार, फुलझड़ी एवं छोटे पटाखे आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों और परिवारों के चेहरों पर उमंग और मुस्कान देखते ही बनती थी सचमुच ऐसा लगा जैसे "यही है असली दिवाली"।

रबी अभियान में अनियमितता पर संयुक्त निदेशक ने की कार्रवाई

- तीन उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित , कृषि मंत्री ने किया था ओचक निरिक्षण
- सभी फर्मों में जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाई गई। विक्रेताओं द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया था।

गंगापुर सिटी । कृषि मंत्री के द्वारा किए गए आकस्मिक निरिक्षण के बाद तीन उर्वरक विक्रेताओं के खुदरा उर्वरक अनुज्ञा पत्र निलंबित कर दिए गए हैं। यह कार्रवाई रबी फसल की बुवाई के मद्देनजर गुणवत्तायुक्त कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए चलाए जा रहे रबी गुण नियंत्रण अभियान के तहत की गई है। अनुज्ञापन प्राधिकारी (उर्वरक) एवं संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल ने निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर यह कदम उठाया। जिन फर्मों के अनुज्ञा पत्र निलंबित किए गए हैं, उनमें मैसर्स धर्मेन्द्र खाद बीज भण्डार गंगापुर सिटी, मैसर्स जय हनुमान ट्रेडर्स गंगापुर सिटी और मैसर्स बाल कृष्ण खाद बीज भण्डार उदेई मोड़, गंगापुर सिटी शामिल हैं। इन सभी फर्मों में जांच के दौरान विभिन्न अनियमितताएं पाई गईं। विक्रेताओं द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया था। संयुक्त निदेशक राकेश कुमार अटल ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 26 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 31 के अंतर्गत उनके खुदरा उर्वरक अनुज्ञा पत्रों को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक निलंबित कर दिया। अनुज्ञापन प्राधिकारी ने संबंधित फर्मों के प्रोपराइटरों को निर्देश दिया है कि वे सात दिन के भीतर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है या वह असंतोषजनक पाया जाता है, तो अनुज्ञा पत्र को निरस्त कर दिया जाएगा। निलंबन अवधि के दौरान इन फर्मों द्वारा किसी भी प्रकार के उर्वरक का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकेगागंगापुर सिटी,गंगापुर सिटी,।

शैक्षिक भ्रमण का सफल समापन

- अंतर-जिला शैक्षिणक भ्रमण कार्यक्रम का सफल समापन मां केला देवी एवं मदनमोहन जी महाराज के दर्शन के साथ हुआ

करौला (निंसं.) निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर के आदेशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक शिक्षा करौली के निर्देशन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में आयोजित अंतर-जिला शैक्षिणक भ्रमण कार्यक्रम का सफल समापन मां केला देवी एवं मदनमोहन जी महाराज के दर्शन के साथ हुआ।

सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश कुमार सारस्वत के नेतृत्व में 30 सदस्यीय छात्र दल ने 13 से 17 अक्टूबर तक पाँच दिवसीय अंतरजिला भ्रमण के दौरान राजस्थान के ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षिणक एवं प्राकृतिक स्थलों का प्रत्यक्ष अध्ययन किया।जयपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पैनोरमा, आमेर दुर्ग, नाहरगढ़ किला, नाहरगढ़ जूलॉजिकल पार्क, हवा महल, बिड़ला मंदिर और अल्बर्ट हॉल संठाहालय कृ विद्यार्थियों ने स्थापत्य, कला, इतिहास, विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण की जानकारी प्राप्त की। अजमेर में बूढ़ा पुष्कर पैनोरमा, पुष्कर सरोवर, विकास पैनोरमा और ब्रह्मा मंदिर कृ धार्मिक सौहार्द, जल संरक्षण और सामाजिक एकता के प्रतीक स्थलों का अवलोकन किया। राजसमंद मे महाराणा राज सिंह पैनोरमा, राजसमंद झील, नाथद्वारा श्रीनाथ जी मंदिर एवं एकलिंग जी कृ विद्यार्थियों ने महाराणा राज सिंह के लोक कल्याणकारी कार्यों और भक्ति परंपरा से प्रेरणा ली।उदयपुर में सिटी पैलेस, सहेलियों की बाड़ी, फतहसागर झील, पिछोला झील, प्रताप स्मारक, हल्दी घाटी, पन्नाधाय पैनोरमा, बप्पा रावल पैनोरमा एवं जगदीश मंदिर कृ मेवाड़ की वीरता, बलिदान, स्थापत्य कला और प्रकृति संरक्षण का सजीव अध्ययन किया।

चित्तौड़गढ़ में वीर गौरा-बादल पैनोरमा एवं सांवलिया सेठ मंदिर कृ विद्यार्थियों ने त्याग, वीरता और भक्ति भावना का संदेश आत्मसात किया। उन्होंने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोकदेवताओं, संत-महात्माओं, स्थापत्य कला, पैनोरमा, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विविधता जैसे विषयों पर ज्ञानार्जन किया। स्काउट शिविर स्थलों पर रात्रि विश्राम के दौरान विद्यार्थियों ने शिविर जीवन, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना और सामूहिकता का व्यावहारिक अनुभव लिया।भ्रमण अवधि में विभिन्न सांस्कृतिक, सामान्य ज्ञान एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।हल्दीघाटी, पन्नाधाय एवं बप्पा रावल पैनोरमा जैसे स्थलों ने विद्यार्थियों में देशभक्ति, वीरता एवं बलिदान की भावना जागृत की।समापन सत्र में विद्यार्थियों ने अपने प्रतिवेदन दल प्रभारी मुकेश कुमार सारस्वत को प्रस्तुत किए और अपने अनुभव साझा किए।दल प्रभारी ने बताया कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत शिक्षण अनुभव सिद्ध हुआ, जिससे उनमें देशभक्ति, पर्यावरण चेतना, नेतृत्व क्षमता एवं सांस्कृतिक समझ का विकास हुआ।इस भ्रमण में सहायक दल प्रभारी गणेश चंद शर्मा तथा सहयोगी दल सदस्य देवेंद्र कुमार और राजेश कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा। रोवर सदस्य लवकुश मंगल, मदन गोपाल, धर्म प्रकाश एवं मानप्रकाश ने सक्रिय सहभागिता करते हुए अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व का उत्कृष्ट परिचय दिया।यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि राजस्थान की विरासत, संस्कृति और प्रेरक इतिहास को निकट से जानने का अवसर भी प्रदान किया।

सार-समाचार

कार से लाखों की नगदी बरामद, एक गिरफ्तार

करौला (निंसं.) । करौली में कोतवाली पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) टीम ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग 66 लाख 94 हजार रुपए की नकदी जब्त की है। यह कार्रवाई गदका की चौकी क्षेत्र में एक निजी गाड़ी से की गई। पुलिस ने संदिग्ध परिस्थितियों में नोटों से भरी इस गाड़ी को पकड़ा। जब्त की गई पूरी रकम को बाद में कोतवाली थाने लाया गया।थाने में नकदी की गिनती के लिए नोट गिनने की मशीन मंगाई गई। कोतवाली सीआई आध्यात्म गौतम और अन्य पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में रुपए गिने गए, जिसमें कुल 66 लाख 94 हजार रुपए से अधिक की राशि पाई गई। पुलिस के अनुसार, यह जब्त राशि जयपुर के एक ब्रोकर के पास से मिली है। ब्रोकर करौली के किराना और परचून व्यापारियों से यह कलेक्शन कर निजी वाहन से जयपुर ले जा रहा था। इस कार्रवाई का नेतृत्व डीएसपी अनुज शुभम, कोतवाली एसएचओ आध्यात्म गौतम और डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से किया। पुलिस ने नकदी को सीज कर लिया है। अब रकम के स्त्रोत, उसकी वैधता और उपयोग को लेकर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि गाड़ी चालक अभिषेक सिंहल पुत्र महेश सिंहल 25 निवासी मकान नंबर 456 वैद्य जी का चौराहा मुरलीपुरा थाना जयपुर होना पूछताछ में बताया गया जिसको गिरफ्तार किया और उसके वाहन नंबर आर जे 59 सी ए 5407 को भी जप्त किया उन्होंने बताया कि वहां में मिली राशि को धारा 106 बीएनएसएस में जप्त कर मालखाना में जमा कराया।

दीपोत्सव से पहले बाजारों में उमड़ी भीड़

गंगापुर सिटी । दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानों में खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। काफी संख्या में लोग पहुंच कर खरीददारी कर रहे है। दीपोत्सव के पहले आज शनिवार को धनतेरस पर बाजारों में बड़े उत्साह के साथ दुकानदारो ने तैयारी की है। दुकानदारो ने ग्राहकी के हिसाव से अपने अपने यहां सामान मंगा लिया है। वहीं ग्राहको को आकर्षित करने के लिए दुकानदारो ने पूरी तेयारी करली है। माना जाता है कि इस दिन खरीदारी से घर में सुख-समृद्धि आती है। ऐसे में लोग बर्तन, आभूषण, वाहन, प्रॉपर्टी, कपड़ों आदि की खरीदारी करते हैं। खरीददारी के कारण मंगलवार को बाजार में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। सुबह से ही लोगों ने बाजार पहुंचना शुरू कर दिया। त्यौहार के मद्देनजर लोग नए कपड़े, बर्तन, मोमबत्तियां, मालाएं, आभूषण, घर के सजावट का सामान, गिफ्ट व बच्चों के लिए खिलौने आदि की खरीददारी करते है। हालांकि ज्यादातर ग्राहक महंगी चीजों के बजाय कम कीमत वाली वस्तु पंसद कर रहे है। इधर शहर के नेहरू बाजार, देवी स्टोर चौराहा, सब्जी मंडी, नया बाजार, इन्द्रा मार्केट, खारी बाजार, पुरानी नगर पालिका सहित मुख्य मार्ग पर काफी चहल-पहल रही। मंहगाई के कारण दीपावली व धनतेरस पर आभूषणो की बिक्री घटी है, वहीं कपड़ों के साथ-साथ बर्तनों की बिक्री भी बढ़ी है। रसोई के बर्तन से पूरा बाजार सजने लगा है। दूसरी ओर पूजन के लिए बाजार में फूलों की माला के अलावा विभिन्न प्रकार के फूलों की मांग बढ़ गई है। साथ ही आर्टिफीशियल फूलों की डिमांड हो रही है। दीपावली के त्यौहार को लेकर प्रशासन भी चौकस है। इस दौरान बाजारों में लगातार बढ़ रही भीड़ के मद्देनजर बारीकी से नजर रखने के लिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने मुख्यालय पर डटे रहने के निर्देश दिए गए है। एसडीएम बृजेन्द्र कुमार मीना ने इस बाबत आदेश जारी किए हैं। एसडीएम के अनुसार सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। उन्हें हर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है। इधर डीएसपी ने बताया कि बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भी गश्त कर रहे हैं। बाजारों में वाहनों के प्रवेश निषेध किया जा रहा है ताकि यातायात व